१९४८ - २०२२
शांति - सेवा - न्याय

शांति सेवा न्याय

Azadi Ka Amrit Mahotsav



किस्सा खाकी का

मासिक ई-न्यूजलेटर

अक्टूबर 2022

संदेश



संजय अरोड़ा
पुलिस आयुक्त, दिल्ली

दिनांक: 30 सितंबर, 2022

नमस्कार!

मैंने दिल्ली के पुलिस आयुक्त के रूप में दो महीने पूरे कर लिए हैं। मा. केंद्रीय गृह मंत्री, श्री अमित शाह जी और मा. उपराज्यपाल, दिल्ली श्री विनय कुमार सक्सेना जी के मार्गदर्शन में हम बेहतर पुलिसिंग की राह पर तेजी से अग्रसर हैं, जो प्रभावी और आधुनिक भी है।

मैं 'सुरक्षित दिल्ली' के ध्येय के साथ अहर्निश कार्यरत पूरे बल का आभार व्यक्त करता हूँ। हमारे सभी बीट ऑफिसर और कांस्टेबल वह आधार हैं जिस पर हमारा मजबूत तंत्र टिका है। इसी भावना के साथ कांस्टेबल से लेकर निरीक्षक तक को उनके बेहतरीन व अनुकरणीय कार्य के लिए सम्मानित किया जा रहा है। यह निरंतर जारी रहेगा।

इस माह मुझे दिल्ली पुलिस अकादमी का दौरा करने का भी सौभाग्य मिला, जहाँ मैंने उन प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की, जो भविष्य में दिल्ली की सुरक्षा की कमान संभालेंगे।

हमारे सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के अच्छे काम और 'सुरक्षित दिल्ली' में योगदान को याद करने के लिए एवं जनता से पुलिस के जुड़ाव को और मजबूती प्रदान करने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर एक पहल 'डाउन द मेमोरी लेन' शुरू की गई है। यह हमारे पुलिस बल को एक नई प्रेरणा प्रदान करता है।

सामुदायिक पुलिसिंग को और मजबूती देते हुए दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना जी ने दिल्ली पुलिस की पहल 'वी केयर' का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य दिल्ली की सुरक्षा हेतु दिल्ली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह पहल दिल्ली पुलिस और जनता के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ता प्रदान करेगी। इसके तहत पुलिस बैंड, जागरूकता कार्यक्रम के साथ–साथ हर जिले में स्थानीय नागरिकों संग शांति व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी।

इस महीने, हमने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा तैयार की गई दिल्ली रोड क्रैश रिपोर्ट, 2021 भी लॉन्च की। उचित सावधानी बरतने पर अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है या उनके प्रभाव को कम से कम किया जा सकता है। यह रिपोर्ट हमें सुध ाारात्मक सुझाव देगी और हम विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जनता में जागरूकता पैदा करेंगे ताकि दुर्घटनाओं व उससे होने वाली जनहानि को रोका जा सके।

बदलते समय के साथ तालमेल बिठाते हुए, हम संरचना, प्रबंधन और तकनीक के उपयोग में विभिन्न नवाचारों के साथ कानून प्रवर्तन को समृद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं, जो प्रभावी तरीके से दिल्ली में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मददगार साबित हो रहा है।

मुझे पूरी उम्मीद है कि आप 'किस्सा खाकी का' का यह संस्करण पसंद करेंगे और इसे आकर्षक पाएंगे।

जय हिन्द!

फोकस में

दिल्ली पुलिस की पहल 'वी केयर' और 'गो टू स्कूल' का शुभारंभ

दिल्ली के माननीय राज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के झड़ौदा कलां स्थित 'दिल्ली पुलिस अकादमी' का दौरा किया व प्रशिक्षुओं से मुलाकात कर 'सुरक्षित दिल्ली' से संबंधित विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा भी उपस्थित रहे।



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'सेवा दिवस' के अवसर पर दिल्ली पुलिस और जनता के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए माननीय उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना व केंद्रीय मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने कर्तव्य पथ से दिल्ली पुलिस की पहल वी केयर (We Care) और गो टू स्कूल (Go To School) की शुरुआत की। इस मौके पर दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा भी मौजूद रहे। इसके तहत आगामी 3 माह में दिल्ली के कई स्थानों पर पुलिस बैंड, जागरूकता कार्यक्रम के साथ हर जिले में स्थानीय नागरिकों संग शांति व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी।

इस पहल का उद्देश्य 'सुरक्षित दिल्ली' के लिए जारी दिल्ली पुलिस की विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। 'वी केयर' के माध्यम से जनता के साथ पुलिस का समन्वय और मजबूत होगा, बेहतर पब्लिक–पुलिस जनसंपर्क स्थापित होगा।

दिल्ली पुलिस द्वारा शुरू किए गए 'गो टू स्कूल' पहल के माध्यम से स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध, नशा, यौन अपराध व 'गुड टच, बैड टच' के बारे में जागरूक किया जाएगा।



कर्तव्य पथ पर मा. राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना जी के साथ दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा जी







कर्तव्य पथ पर 'वी केयर व गो टू स्कूल' के शुभारंभ कार्यक्रम की कुछ झलकियां



'वी केयर' और 'गो टू स्कूल' के शुभारंभ के अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी

दिल्ली पुलिस कमिश्नर का विभिन्न स्थलों का दौरा

दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा जी ने 'दिल्ली पुलिस अकादमी' का दौरा किया व ट्रेनिंग दे रहे अधिकारियों संग बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर एक सार्थक चर्चा की।
इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने भी उनसे अपने अनुभव साझा किया एवं उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।
दिल्ली पुलिस अकादमी में 'सुरक्षित दिल्ली' के ध्येय के साथ प्रशिक्षुओं को साहस, सजगता व संवेदनशीलता के मिश्रण के साथ गढ़ा जाता है।
यहीं अनुशासन की आग में तपकर बनते हैं दिल्ली के रक्षक और दिल्ली पुलिस के शूरवीर।





दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा ने कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर–पश्चिम जिले का दौरा कर एक समीक्षा बैठक की।
उन्होंने कानून व्यवस्था को बनाए रखने व 'अपराध मुक्त' क्षेत्र की संकल्पना को साकार करने की दिशा में रात–दिन परिश्रम कर रहे पुलिसकर्मियों की सराहना भी की। श्री अरोड़ा जी ने पुलिस लाइन में पुलिस कल्याण सुविधाओं का भी निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।
इस अवसर पर उन्होंने पूरे जिले की टीम को इसी तरह पूरे तत्परता व लगन से ड्यूटी करने के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं।

विजेता



दिल्ली पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, क्राइम ब्रांच में तैनात हेड कांस्टेबल सुकन्या को फिक्की (FICCI) द्वारा 'स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड–2021' से सम्मानित किया गया है। सुकन्या और अपराध शाखा की टीम द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों से कई नाबालिग बच्चों को बरामद कर उन्हें स्वजन को सौंपा गया। सुकन्या 19 राज्यों की पुलिस और सीएपीएफ और सीपीएफ से 192 प्रविष्टियों में से चयनित हुई हैं।



डीसीपी, सुरक्षा अनीता रॉय ने 'दिल्ली स्टेट पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता' के मास्टर्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। इस अवसर पर उड़ान, सशक्ति इत्यादि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दिल्ली पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य हमारी असली पूंजी है, इसे बनाए रखना हर महिला की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। अनीता रॉय जी को स्वर्ण पदक जीत की हार्दिक बधाई।

विजेता



चुनौतीपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करने व बेहतर सेवा के लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा जी ने 18 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित होने वाले सभी पुलिसकर्मियों को हार्दिक बधाई।

डीसीपी स्पेशल सेल, हेडक्वार्टर श्री इंगित प्रताप सिंह को दिल्ली स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप के 10 मीटर एयर राइफल प्रतिस्पर्धा में रजत पदक प्राप्त हुआ है। उन्हें हार्दिक बधाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने सपने कभी भी न छोड़ें, बल्कि उस सपने को पूरा करने के लिए समय निकलकर कार्य करें, सफलता अवश्य मिलेगी।



सुर्खियां



दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा ने पुलिस मुख्यालय में 'दिल्ली रोड क्रैश रिपोर्ट, 2021' लॉन्च की। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा तैयार की गई यह रिपोर्ट 2021 में हुई सड़क दुर्घटनाओं का एक समग्र विश्लेषण है। यह रिपोर्ट हमें सड़क डिजाइन सहित कई बिंदुओं पर सुधारात्मक सुझाव देगी, जिसके आधार पर दिल्ली पुलिस विभिन्न जागरूकता अभियान के माध्यम से दुर्घटनाओं पर रोक लगाने हेतु सार्थक प्रयास करेगी।



पुलिस–जनता के संबंधों को और मजबूती प्रदान करते हुए द्वारका जिले में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। माननीय सांसद, पश्चिमी दिल्ली श्री प्रवेश साहिब सिंह की अध्यक्षता व जिला प्रशासन की उपस्थिति में हुई इस बैठक में नागरिकों की शिकायतें सुनी गईं और समस्याओं के समाधान हेतु उचित कदम उठाए गए।

सुर्खियां



फिजियोथेरेपी विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान और डॉ आरएमएल अस्पताल के सहयोग से दिल्ली पुलिस मुख्यालय के ऑफिसर्स लाउंज में दिल्ली पुलिस कल्याण इकाई ने पुलिसकर्मियों के लिए एक इंटरैक्टिव और सूचनात्मक संगोष्ठी एवं फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान सांसद डॉ हर्ष वर्धन जी की अध्यक्षता में उत्तर–पश्चिम जिले में आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूती देने पर चर्चा हुई। जनता की सेवा हेतु सदैव समर्पित दिल्ली पुलिस ने जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों व जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया। बैठक में राजस्व, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीडीए आदि विभागों के अधिकारियों ने भी भाग लिया।



'डाउन द मेमोरी लेन विद दिल्ली पुलिस'

जहां हम अपने सेवानिवृत्त कर्मियों के अमूल्य योगदान का जश्न मनाते हैं।









दिल्ली पुलिस अपने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के सराहनीय कार्य और योगदान के लिए आभारी है। दिल्ली पुलिस की तरफ से सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को जीवन के अगले अध्याय के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

पुरस्कार

पुरस्कृत पुलिसकर्मी

बेस्ट डिवीजन ऑफिसर

अभिषेक कुमार मिश्र



पद: इंस्पेक्टर
थाना: ओखला औद्योगिक क्षेत्र
पुरस्कार: बेस्ट डिवीजन अफसर–जून 2022

देवेंद्र अंतिल



पद: सब इंस्पेक्टर
थाना: लाहौरी गेट
पुरस्कार: बेस्ट डिवीजन ऑफिसर–जून–2022

विवेक तोमर



पद: सब इंस्पेक्टर
थाना: गोविंदपुरी
पुरस्कार: बेस्ट डिविजन ऑफिसर–जुलाई–2022

विजय दत्त



पद: इंस्पेक्टर
थाना: लक्ष्मी नगर
पुरस्कार: बेस्ट डिवीजन अधिकारी, जुलाई–2022

बेस्ट बीट अफसर

रेनू



पद: कांस्टेबल
थाना: सीलमपुर
पुरस्कार: बेस्ट बीट ऑफिसर–जून–2022

रोशन लाल



पद: हेड कांस्टेबल
थाना: सोनिया विहार
बेस्ट बीट अफसर–जुलाई–2022

रामपाल



पद: हेड कांस्टेबल
थाना: कनाट प्लेस
पुरस्कार: बेस्ट बीट ऑफिसर–जुलाई–2022

पुरस्कार

पुरस्कृत पुलिसकर्मी

बेस्ट बीट ऑफिसर रेलवे

सत्यप्रकाश



पद: ASI
थाना: नई दिल्ली रेलवे स्टेशन
पुरस्कार: बेस्ट बीट ऑफिसर रेलवे–जून–2022

पवन गोयल



पद: हेड कांस्टेबल
थाना: नई दिल्ली रेलवे स्टेशन
पुरस्कार: बेस्ट बीट ऑफिसर रेलवे–जुलाई–2022

बेस्ट यातायात ऑफिसर

महेश चंद



पद: हेड कांस्टेबल
थाना: महरौली सर्किल
पुरस्कार: बेस्ट यातायात ऑफिसर

अजीत



पद: हेड कांस्टेबल
थाना: डाबरी सर्कल
पुरस्कार: बेस्ट यातायात ऑफिसर

प्रशंसनीय प्रमाण पत्र

सुरेंदर



पद: हेड कांस्टेबल
आईजीआई यूनिट

सतीश कुमार



पद: इंस्पेक्टर
आईजीआई यूनिट

अनुज कुमार



पद: इंस्पेक्टर
आईजीआई यूनिट

जिला डायरी

सामुदायिक पुलिसिंग

उत्तर पश्चिम

व्यायाम से ही स्वास्थ्य, लम्बी आयु, शक्ति और सुख की प्राप्त होती है। फिटनेस हमारी प्राथमिकता है। यह हमें अपने कार्य को और बेहतर ढंग से करने में मदद करता है।
इसी क्रम में 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर, उत्तर–पश्चिम जिले के पुलिसकर्मियों को फिट और स्वस्थ रहने के लिए 'वार्षिक बैडमिंटन टूर्नामेंट' का आयोजन किया गया।





साइबर अपराध यूनिट

स्कूली बच्चों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करने के लिए दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ/साइबर क्राइम यूनिट स्पेशल सेल द्वारा अभिनव ग्लोबल स्कूल में एक साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में स्कूली बच्चों को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई। सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल के बारे में बताया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञों द्वारा उनके सभी प्रश्नों का समाधान किया गया।



जिला डायरी

सामुदायिक पुलिसिंग

साइबर अपराध यूनिट

साइबर अपराध की बढ़ती दर के दृष्टिगत युवाओं को ऑनलाइन की दुनिया में क्या करें और क्या न करें के बारे में शिक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है।
इसी क्रम में कक्षा 6 से 12 के छात्रों के लिए, के.आर. मंगलम स्कूल, ग्रेटर कैलाश–II में आईएफएसओ/साइबर क्राइम यूनिट स्पेशल सेल द्वारा एक और साइबर जागरूकता विषयक एक कार्यशाला आयोजित की गई और छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के गुर सिखाए गए।





उत्तर पश्चिम

दिल्ली–वासियों की सेवा हमारे लिए है सर्वोपरि!

जन–सुनवाई के माध्यम उत्तर–पश्चिम जिले के पुलिस अधिकारियों विभिन्न स्थानों पर 120 से अधिक शिकायतकर्ताओं की शिकायतें सुनीं व उनकी शिकायतों के निवारण के लिए सम्बंधित थाने को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

जिला डायरी

सामुदायिक पुलिसिंग

द्वारका

दिल्ली पुलिस की 'पुलिस परिवार कल्याण पहल' के तहत डीसीपी, द्वारका जिले के कार्यालय में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहां आयुष्मान अस्पताल के सहयोग से ईसीजी और रक्तचाप जाँच, मधुमेह रोग की जांच आदि के साथ चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। इस शिविर के माध्यम से 350 लोग लाभान्वित हुए, जिनमें पुलिसकर्मी और उनके परिवार के सदस्य शामिल हैं।





कौशल विकास से युवाओं में आएगी आत्मनिर्भरता। यही युवा 2.0 का उद्देश्य भी है, युवाओं का कौशल विकास। पुलिसिंग से परे, युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार/स्वरोजगार योग्य बनाया जा रहा है। प्रशिक्षित युवाओं का उज्जवल भविष्य उनका इंतजार कर रहा है।

जिला डायरी

सामुदायिक पुलिसिंग

शिक्षक दिवस पर दिल्ली पुलिस ने शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय कार्यों के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया। पूरी दिल्ली में शिक्षकों के सम्मान में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की कुछ झलकियां–





उत्तर पश्चिम

उत्तर–पश्चिम जिले की दिल्ली पुलिस की टीम परिवर्तन ने एमसीडी स्कूल, सी2 ब्लॉक, अशोक विहार का दौरा कर वहां उपस्थित छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। टीम ने उन्हें समग्र विकास के लिए प्रेरित किया और दिल्ली पुलिस की 'नाजुक पहल' के तहत छात्राओं को (गुड टच, बैड टच) सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बारे में जागरूक किया गया। स्कूली छात्राओं को अपने माता–पिता के साथ दोस्ताना व्यवहार करने और अपनी समस्याओं को खुलकर साझा करने की भी सलाह दी गई। उन्हें किसी भी दुर्घटना या ऐसे किसी भी मामले में तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

आयोजन

किस्सा खाकी का

दिल्ली पुलिस के आशीष



रक्तदान जीवनदान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के **34वें अंक** में सुनिए हेड कॉन्स्टेबल आशीष के मानवता की कहानी, जो अब तक करीब 115 बार रक्तदान कर जरूरतमंदों की जान बचाने में मदद कर चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी इनके प्रयास सराहनीय हैं। इसी क्रम में वृक्षारोपण को लेकर आशीष द्वारा किए जा रहे कार्य व जागरूकता के प्रयास पूरे दिल्ली पुलिस बल को गौरवान्वित करता है।

ऑपरेशन 'हॉक आई'



ऑपरेशन 'हॉक आई' के तहत दिल्ली पुलिस ने नवजात शिशुओं की खरीद–फरोख्त के काले कारोबार का पर्दाफाश कर इस पर लगाया प्रभावी अंकुश। इस गैंग के सदस्य बेऔलाद लोगों को अपनी जाल में फंसाते थे और उनसे मोटी रकम वसूलते थे। सुनिए, पूरी कहानी दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के **35वें अंक** में।

महाचोर



वाहन चोरी के क्षेत्र में भारत के सबसे बड़े 'महाचोर' कहे जाने वाले को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके काले करतूतों को सभी के सामने रखा। पुलिस टीम ने इसे रिमांड पर लेकर कई बड़े राज उगलवाए।
सुनिए, पूरी कहानी दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के इस **36वें अंक** में।

दिनेश की दिलेरी



दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के **37वें अंक** में सुनिए इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल की दिलेरी की कहानी, जिन्होंने दिल्ली की सड़कों से चोरी किए गए 70 वाहनों को बरामद किया। कार चोरी के एक मामले में उन्होंने जाल बिछाकर एक खतरनाक अपराधी को गिरफ्तार किया।
इस दौरान उन्हें कार से कुचलने की भी कोशिश हुई, पिस्तौल तान दी गई। लेकिन अपनी हिम्मत के बल पर उन्होंने अपराधी को पकड़ लिया।

आयोजन

आस्क मी एनीथिंग

दिल्ली पुलिस की पहल 'आस्क मी एनीथिंग' सोशल मीडिया पर चलाई जाने वाली एक मुहिम है जिसके तहत किसी एक चयनित विषय पर नागरिकों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिए जाते हैं। लाइव चलने वाले इस कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस के एक्सपर्ट, नागरिकों के मन में उठने वाली हर जिज्ञासा/हर सवालों का जवाब देते हैं।

इस बार ट्विटर लाइव सत्र, आस्क में एनीथिंग का विषय 'चायनीज लोन ऐप' था। चायनीज लोन ऐप से जुड़े सभी सवालों का जवाब तत्कालिक बाहरी उत्तरी जिले के डीसीपी बृजेन्द्र कुमार यादव ने व डीसीपी सुमन नलवा (पीआरओ व स्पेशल ब्रांच) से हुई बातचीत के दौरान दिया।



डीसीपी प्रशांत गौतम (आईएफएसओ) और डीसीपी सुमन नलवा (पीआरओ और स्पेशल ब्रांच) के साथ दिल्ली पुलिस का इस बार का इंटरैक्टिव ट्विटर लाइव 'आस्क मी एनीथिंग' सत्र 'साइबर अपराध व सुरक्षा' विषय पर आयोजित किया गया।
इस सत्र में नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति न केवल जागरूक किया गया बल्कि उन्हें इससे बचने के गुर भी सिखाए गए।



दिल्ली पुलिस की गतिविधियां



गुरू गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय।
बलिहारी गुरू अपने गोविन्द दियो बताय।।

शिक्षक दिवस के अवसर पर पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी ने अपने सभी कल्याण केंद्रों पर शिक्षकों के सम्मान में समर्पित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस परिवार के बच्चों ने 'अंगूठाछाप नहीं हम आप' विषय पर कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

दिल्ली पुलिस परिवार के स्कूली बच्चों को समय–समय पर प्रोत्साहित किया जाता रहा है। इसी क्रम में दिल्ली पुलिस परिवार के बच्चों की मेहनत को सराहने के लिए पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती रितु अरोड़ा जी, समिति के वरिष्ठ सदस्य/अधिकारी, टाटा ग्रुप के तन्मय चक्रवर्ती व उमा गुप्ता जी ने दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल, दक्षिण पूर्व जिले का दौरा किया व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सराहना की।
इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य रूबी मल्होत्रा जी ने इन महानुभावों का स्वागत किया।



दिल्ली पुलिस की गतिविधियां

पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती रितू अरोड़ा ने कल्याण केन्द्र पीतमपुरा पर दिल्ली पुलिस परिवार द्वारा बनाए जाने वाले जैविक साबुन व भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा मान्यता प्राप्त, उच्च गुणवत्ता वाले व 'स्वयं ऑन व्हील्स' पर सबसे लोकप्रिय मसालों की निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण किया व उन्हें और बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।





पुलिस परिवार कल्याण समिति ने 'डिजिटल साक्षरता कार्यशाला' का आयोजन किया। पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती रितु अरोड़ा ने इस कार्यशाला की अध्यक्षता की। नेट बैंकिंग, ऑनलाइन निवेश, साइबर सुरक्षा आदि विषयों पर आयोजित यह कार्यशाला बेहद सार्थक रही। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।



पुलिस कर्मियों के साथ–साथ उनके परिवार के कल्याण और बेहतरी हेतु 'पुलिस परिवार कल्याण समिति' पूरी प्रतिबद्धता के साथ क्रियाशील है। इसी क्रम में समिति की अध्यक्ष श्रीमती रितू अरोड़ा जी ने पूर्वी दिल्ली डीसीपी ऑफिस परिसर में एक पुस्तकालय और कैफेटेरिया का उद्घाटन किया।

शांति सेवा न्याय

संरक्षक

संजय अरोड़ा

पुलिस आयुक्त, दिल्ली

संचार टीम

सुमन नलवा

उपायुक्त (स्पेशल ब्रांच व पीआरओ)

रचनात्मक सहयोग

आख्या इंडिया

सोशल मीडिया सलाहकार, दिल्ली पुलिस

संपर्क करें

सोशल मीडिया सेंटर

कमरा नं: 1408, 14वीं मंजिल

पुलिस मुख्यालय, जय सिंह मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली